वीयू – तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

आज दिनांक 16 जुलाई को Paws फॉर लर्निंग एंड रिसर्च काउंसिल दिल्ली द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन होटल कल्चुरी में शाम 3:00 बजे पर माननीय कुलपति नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी द्वारा किया गया। पी.एल. आर.सी. से डॉ. आर.टी. शर्मा, डॉक्टर अजय सूद, डॉक्टर रितुजा श्रीवास्तव, डॉ अंकुश मेनी एवं उनकी टीम ने **इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर सर्जिकल प्रोसीजर्स इन केनाइन सॉफ्ट टिशु** विषय पर एक तीन दिवसीय कार्यशाला का जो कि 16 से 18 जुलाई 2023 तक होनी है का आयोजन किया, इस कार्यशाला में लुधियाना वेटरनरी कॉलेज से पधारे हुए डॉ. अरुण आनंद एवं चेन्नई से पधारे हुए डॉ. जे व्यंकटेश एवं डॉ. आर जय प्रकाश एवं जबलपुर से डॉ. अपरा शाही विभिन्न विषयों पर अपने व्याख्यान देंगे। कार्यशाला के अंतिम दिवस पर सभी प्रतिभागियों को हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी कराई जाएगी। इस अवसर पर माननीय कुलपति डॉ. एस.पी. तिवारी ने देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे सभी प्राइवेट प्रैक्टिशनर को बधाई दी एवं कहा कि इस प्रकार की ट्रेनिंग से नई प्रकार की तकनीकों एवं सूचनाओं का आदान–प्रदान होता है एवं नॉलेज का अपग्रेडेशन होता है अतः इस तरह के प्रोग्राम लगातार होते रहने चाहिए माननीय कुलपति महोदय ने इसी प्रकार की एक ट्रेनिंग डायग्नोस्टिक इमेजिंग सब्जेक्ट पर जिसमे की प्रमुख रूप से सीटी स्कैन पर भी करने को कहा इस अवसर पर डॉक्टर आर.के. शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। इस आयोजन में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर से डॉ. आर.के. शर्मा अधिष्ठाता, वेटरनरी कॉलेज, डॉ. अपरा शाही, डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. अपूर्वा मिश्रा एवं डॉ. निधि राजपूत उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर